हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

14 सरकार लागू कर रही है नई नई जनहितेशी योजनाएं



14 पीसीआर डायल-112 व पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण









**खबर संक्षेप**

### प. नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज में सीपीआर कार्यक्रम

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में प. नेकीराम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज में जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। यह जागरूकता सप्ताह भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आदेशों की अनुपालना में आयोजित किया गया। जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना एवं समुदाय स्तर पर जीवन रक्षक कौशल विकसित करना है। इस दौरान पं. नेकीराम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. धीरज परिहार, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, श्वसन चिकित्सा व टीबी विभाग की डॉ. सुमन विश्वकर्मा, डॉ. मधु, डॉ. सुमित ने कॉलेज के विद्यार्थियों को सीपीआर तकनीक की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी।

### एक दूसरे के मतभेद भुलाकर मिठाई बांटते है : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा आईएएस) ने कहा कि त्योहारों का भारतीय प्राचीन पद्धति में विशेष महत्व है। त्योंहरो पर एक दूसरे के मतभेद भुला कर मिठाई बाटते है। एसडीएम ने लघु सचिवालय में अधिकारीयों, कर्मचारियों व उपमंडल वासियों को दीपावली सहित पांच त्यौहारों की बधाई और सुभकामनाये देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय सस्कृति मे त्योहारों विशेष महत्व है। हिन्दू धर्म में दीपावली त्यौहार का विशेष इसलिए है कि भगवान श्री राम 12 वर्ष का बनवास काट कर अयोध्या आये थे।

### अटेली मंडी में मिलन समारोह का आयोजन

**नारनौल।** अटेली मंडी में भव्य दिवाली उत्सव सम्मान एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अटेली मंडी में पंच, सरपंच, नंबरदार, चौकीदार, जिला परिषद समिति के प्रधान एवं सदस्यों के साथ गांव के सभी गणमान्य नागरिक व समाजसेवी भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर मिलन समारोह व दीपावली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चौधरी धर्मवीर थे।

### ओशिन शुक्ला के सह लेखन में पुस्तक प्रकाशित

**नारनौल।** युवा कवि एवं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई के प्रभारी ओशिन शुक्ला की सह लेखक के रूप में छठी पुस्तक एक चिट्ठी भारत मां के नाम प्रकाशित हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया ओशिन शुक्ला पांच पुस्तकों में सह लेखक की भूमिका निभाने के साथ एक पुस्तक स्वरांजली का संकलन भी कर चुके हैं। प्रत्येक लेखक के लिए अपनी रचनाओं का प्रकाशन होना बेहद खुशी का अवसर होता है।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में हुई रंगोली स्पर्धा

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में दीपावली महोत्सव के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग कक्षा छठी से आठवीं व सीनियर वर्ग कक्षा नौवीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शर्तों के आधार पर 18 से 20 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखें बिकेंगे

# दीपावली पर्व पर ग्रीन पटाखों की अस्थाई बिक्री की दी छूट

**जिलाधीश साहिल गुप्ता ने निगरानी के लिए की टीमों का गठन कर दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के चलते जिलाधीश साहिल गुप्ता ने दिवाली के पर्व पर 18 से 20 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे चलाने व बिक्री पर छूट दी गई है। निर्धारित अवधि की उल्लंघना करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023, विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली वाले दिन सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक और शाम 8:00 बजे से 10:00 बजे तक पटाखे चलाए जा सकते हैं। इस दौरान बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों व लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों द्वारा ही की जा सकेगी। वहीं दूसरी ओर जिलाधीश ने जिला के सभी एसडीएम, सभी उपमंडल के डीएसपी, पोलूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, फायर ऑफिसर, शहरी स्थानीय निकाय, पंचायत विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।



भिवानी। प्रयास स्पेशल स्कूल के बच्चों को दीपावली पर उपहार देते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।

### पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्पेशल स्कूल के बच्चों संग मनाई दीवाली

**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र सभ्रवाल ने शुक्रवार को प्रयास स्पेशल स्कूल में जाकर स्पेशल बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। सभ्रवाल ने बच्चों को उपहार भेंट कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी व इस पुनीत पर्व की खुशियां उनके साथ सांझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या संस्कृति जैन ने की। सभ्रवाल ने बच्चों को अपनी ओर से मिठाइयां, फल व खिलौने दिए, जिससे स्कूल का माहौल खुशनुमा हो गया। इस दौरान स्पेशल बच्चों ने स्वयं द्वारा बनाए गए आकर्षक दीये व कैंडल सभी अतिथियों को भेंट किए। सभ्रवाल ने कहा कि दीपावली प्रकाश और खुशियों का त्योहार है, और इसकी रोशनी समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। प्राचार्या संस्कृति ने संभ्रवाल व ट्रस्ट का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ना केवल बच्चों का मनोबल बढ़ाते है, बल्कि समाज को भी सकारात्मक संदेश देते है, ऐसे आयोजनों से विशेष बच्चों को ये महसूस होता है कि समाज उन्हें स्वीकार करता है और उनकी परवाह करता है। इस अवसर पर मोनिका, सुशीला, शिखा, सुनीता, आशा, भगवत कौशिक, विरेंद्र मिंटू, श्रीनिवास, अभिषेक, अमन व साहिल आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने दीपावली को लेकर जारी की एडवाइजरी

**चरखी दादरी।** दीपावली के उत्सव पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को सुरक्षित त्योहार मनाने के लिए दीये जलाते और पटाखे फोड़ते समय क्या करें और क्या न करें बारे कुछ सुरक्षा सावधानियां बरतने की एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त ने जिला के नागरिकों को दीपावली के त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि इस दौरान सभी अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें और सावधानियां बरतें।इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें। लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही अच्छी गुणवत्ता वाले ग्रीन पटाखे खरीदें, पटाखे खरीदते समय, सुरक्षा प्रमाणपत्रों के लिए पैकिंग की जांच करें, इमारतों से दूर, खुली जगहों पर पटाखे फोड़ें, पानी और अग्निशामक यंत्र पास रखें, पटाखे फोड़ते समय सुरक्षात्मक कपड़े पहनें और ढीले और सिंथेटिक कपड़े पहनने से बचे।



भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते पर्यावरण प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पटाखे फोड़ने की बजाय त्रिवेणी रोपित कर मनाए दीपावली : बाबा

**भिवानी।** दीपावली पर लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए त्रिवेणी बाबा ने कहा कि पटाखे फोड़ने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि इससे ध्वनि प्रदूषण भी फैलता है, जो मनुष्यों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वे पर्यावरण संरक्षण की तरफ ध्यान देते हुए पटाखे फोड़कर दीवाली मनाने की बजाय पौधरोपण करके मनाए तथा रोपित पौधों एवं त्रिवेणी के संरक्षण का संकल्प भी लें। बाबा शुक्रवार को रोहतक गेट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पटाखों से निकलने वाले धुएं में हानिकारक रसायन जैसे सीसा, कैडमियम, सल्फर व अन्य भारी धातुएं होती हैं, जो हवा में मिलकर सांस संबंधी बीमारियों और पर्यावरणीय असंतुलन का कारण बनती हैं।



### एचडी स्कूल में रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ ने दीपावली पर्व पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं और सामाजिक संदेशों से युक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को त्योहार के सही अर्थ व आधुनिक जीवन में इसके महत्व से परिचित कराना था। दीपोत्सव का शुभारंभ प्री स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने दीपावली से जुड़ी पौराणिक कथाओं और प्रेरक कहानियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद, पेपर डेकोरेशन और दीया डेकोरेशन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन करते हुए रंगीन कागजों और मिट्टी के दीयों को मनमोहक रूप से सजाया।

# टीबी जागरूकता कार्यक्रम में 11 स्वयंसेवकों ने निक्षय मित्र बनने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव सांगा स्थित राजकीय वमा विद्यालय में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति प्रदान करते हुए व्यापक टीबी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम प्राचार्य अशोक पहल के मार्गदर्शन और सुरिन्द्र कुमार मिगलानी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों व समुदाय को टीबी के कारणों, बचाव और सावधानियों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सांगा से आए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। स्वास्थ्य विभाग से पवन, अशोक, एएनएम आशा व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उपस्थित लोगों को टीबी के फैलने के कारणों, रोकथाम के उपायों व बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में विस्तृत और महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मौसमी बुखार से बचने के बारे में भी जानकारियां दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं संस्कृत प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने स्वयंसेवकों को निक्षय मित्र बनने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से निःस्वार्थ भाव से समाज को टीबी के विषय में जागरूक करने और टीबी रोगियों को सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

**छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी के लिए किया प्रेरित**



भिवानी। स्वयंसेवकों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

#### टीबी के प्रति किया जागरूक

इस प्रकार के कार्यक्रम ना केवल टीबी के बारे में जागरूकता फैलाने में मददगार साबित होत है, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी लेने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित भी करते है। इस प्रेरणा का तत्काल और उत्साहजनक परिणाम देखने को मिला, जब विद्यालय से रामधन शास्त्री सहित 11 स्वयंसेवकों ने निक्षय मित्र के रूप में अपना नामांकन करवाया। निक्षय मित्र बनकर ये स्वयंसेवक अब टीबी मरीजों को पोषण, भावनात्मक सहयोग व उपचार पूरा करने में सहायता प्रदान करेंगे, जिससे टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सुरिन्द्र कुमार मिगलानी ने सभी का धन्यबाद किया।

# सैनी कल्याण परिषद ने सीएमओ को रक्तदान प्रेरणा के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रक्तदान को जन आंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सैनी कल्याण परिषद ने भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर शांडिल्य को सम्मानित किया। यह सम्मान परिषद के वरिष्ठ सलाहकार जगदीश चंद्र सैनी, उप प्रधान ओमप्रकाश सैनी व कश्मीरी लाल सैनी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। यह सम्मान समारोह डा. शांडिल्य द्वारा रक्तदाताओं और रक्तदान शिविरों के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों को देखते हुए आयोजित किया गया। इस मौके पर परिषद के वरिष्ठ सलाहकार जगदीश चंद्र सैनी, उप प्रधान ओमप्रकाश सैनी व कश्मीरी लाल सैनी ने बताया कि डा. रघुवीर शांडिल्य ना केवल सरकारी स्तर पर बल्कि व्यक्तिगत तौर पर भी रक्तदान के महत्व को समझते हैं तथा इसे बढ़ावा देने में जुटे हैं।



भिवानी। सीएमओ को सम्मानित करते हुए सैनी कल्याण परिषद के वरिष्ठ सलाहकार जगदीश चंद्र सैनी, उप प्रधान ओमप्रकाश सैनी एवं कश्मीरी लाल सैनी।

#### रक्तदान से जरूरतमंद की बचाई जा सकती है जान

*सैनी कल्याण परिषद ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि रक्तदाताओं के प्रति उनके स्नेह और समर्पण को देखते हुए उन्हें युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कारक माना जाता है। इस मौके पर सीएमओ डा. रघुबीर शांडिल्य ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद मरीज तक रक्त पहुंचाना रहता है, जिसके लिए जरूरी है कि सामाजिक कार्यकर्ताओं व नागरिकों को इस बारे जागरूक किया जा सकें।*



भिवान। सामान्य अस्पताल में सफाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अस्पताल में शुरू किया दो दिवसीय स्वच्छता अभियान

**भिवानी।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के मार्गदर्शन में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में 17 एवं 18 अक्टूबर को श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति एवं अंचल अस्पताल के तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरुआत शुक्रवार से की गई। उल्लेखनीय है कि सरकारी अस्पतालों में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक के द्वारा प्रदेश के सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए हैं कि धार्मिक संस्थाओं,निजी अस्पतालों और अन्य संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। भिवानी सिविल सर्जन डॉ रघुबीर शांडिल्य के निर्देशों के बाद अंचल अस्पताल एवं श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति ने पहल की है। इसी कड़ी में नागरिक अस्पताल में 17 अक्टूबर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई, जो कि 18 अक्टूबर को भी चलाया जाएगा।

# नई सोच के साथ हो रहा दादरी का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बेहतर कार्ययोजना, नई सोच और दूरदर्शिता के साथ दादरी क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कई ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनको मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है। बहुत जल्द दादरी एक सुंदर और अच्छे शहर के तौर पर नजर आएगा। वर्तमान सरकार के एक साल पूरा होने पर आयोजित जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य तिथि विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने ये बात कही। विधायक ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान मंजूर हुई योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाएंगे, जिनमें दादरी-रोहतक रोड निर्माण 37.62 करोड़, जेल निर्माण 97.73करोड़, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण 95 करोड़, बाल भवन निर्माण 7 करोड़, दादरी-रोहतक आरओबी निर्माण 78 करोड़, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा, सिविल अस्पताल को 100 से 200 बेड अपग्रेड, ब्लड बैंक की स्थापना, सिविल अस्पताल भवन का नवीनीकरण व पेयजल व्यवस्था सुदृढ 70 करोड़ से किया जा रहा है।

**कई परियोजनाओं को मिल चुकी है मंजूरी: विधायक**



भिवानी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक सुनील सांगवान।

#### बुकलेट व दो लीफलेट का वितरण भी किया

*जिला परिषद चेयरमैन मंदीप डालावास, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एक साल की उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट व दो लीफलेट का वितरण भी किया।*

# सैनी सरकार में एक साल में बढ़ी अपराध की घटनाएं: सविता मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार अपने एक साल के कार्यकाल का जो बखान कर रही है। वह सब निराधार है। धरातल पर कुछ भी कार्य नहीं हो रहे। लाडो लक्ष्मी योजना में एक लाख रूपय तक की वार्षिक आय के साथ-साथ अन्य शर्तें भी लगा दी गई जिससे हरियाणा प्रदेश की महिलाओं के साथ विश्वास घात है। यह बात कांग्रेस नेत्री एवं महिला विंग की पूर्व प्रदेश महासचिव सविता मान ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा एक साल में किए गए कार्यों के बखान पर बोलते हुए कही।

**भाजपा सरकार में प्रदेश विकास में पिछड़ता जा रहा है**

#### किसानों की आय दोगुनी करने का वादा खोखला

किसानों की आय दोगुनी करने का वादा महज चुनावी जुमला साबित हुआ है। फसल खरीद में अनियमितताएं, देरी से भुगतान, और मंडियों में अव्यवस्था किसानों की कमर तोड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि फसल बीमा योजना केवल कागजों पर अच्छी है, जबकि वास्तविक किसानों को मुआवजा मिलने में दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हरियाणा प्रदेश को विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ा सकती है। कांग्रेस की सरकार बनने में महिलाओं की सुरक्षा के कड़े कदम उठाएं जाएंगे तथा अनेक प्रकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को लागू किया जाएगा।



सविता मान।

**आरोप** प्रदेश की जनता को महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं मिला: पूर्व सीएम

# हरियाणा में भाजपा सरकार का एक साल पूरी तरह से रहा नाकामः हुड्डा

**भिवानी पहुंचे सीएलपी लीडर एवं पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा पर हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा भिवानी पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को पूरी तरह असफल व जनविरोधी बताया। भिवानी पहुंचने पर हुड्डा ने प्रदीप गुलिया जोगी के जन्मदिन पर केक कटवाकर दीर्घायु और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया। उन्होंने प्रदीप गुलिया जोगी से कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत करने व कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक तेजी से पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि एक साल में प्रदेश की जनता को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता के बुनियादी मुद्दों से भटक चुकी है और अब केवल जुमलों के सहारे सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है।



भिवानी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया के जन्मदिन पर केक कटवाते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### किसान, व्यापारी, कर्मचारी हर वर्ग परेशान

उन्होंने कहा कि हरियाणा कांग्रेस शासनकाल में विकास व प्रति व्यक्ति आय में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता था, लेकिन भाजपा शानसकाल में हरियाणा की हालत ये हो चुकी है कि किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा, व्यापारी सहित विभिन्न वर्ग अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर है तथा बेरोजगारी व किसान संकट में तो हरियाणा आज देश के अग्रणीय राज्यों में गिना जाता है, ये भाजपा सरकार की विफलता का जीता-जागता उदाहरण है। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठाने का काम कर रही है। इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने हुजूर संत कंवर साहेब महाराज के पौत्र के विवाह समारोह में भाग लिया, वहां उन्होंने नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया और सुखमय जीवन की कामना की।

#### मौजूद रहे

इस अवसर पर सांसद जयप्रकाश जेपी, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक चंद्रप्रकाश, विधायक बलवान सिंह दौलतपुर, पूर्व विधायक संत कुमार, कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, संदीप सिंह, धीरज सिंह, ईश्वर शर्मा प्रधान, कुलवंत कोंटिया, संजय गांधी, ईश्वर मान, सरला देवी, प्रेमवती गोयत, सुरेश प्रजापत, रमेश ढिगाव व बलवंत घणघस आदि मौजूद रहे।

# लेडिज क्लब दे रहा पर्यावरण की सुरक्षा स्वच्छता अभियान को गति : अरूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को जीबीटीएल लिमिटेड भिवानी के वार्षिकोत्सव मेले का आयोजन राजश्री कॉलोनी में बड़ी धूमधाम से किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरूल प्रगासम सीईओ चेतना लेडिज क्लब की अध्यक्षा मेनका प्रगासम के अतिरिक्त संस्था के उच्चाधिकारीगण हरकेश कुमार, आरके उपाध्याय, विकास अग्रवाल तथा डॉ. कौशल तंवर के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर जीबीटीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व चेतना लेडिज क्लब की सदस्या उपस्थित रही। चेतना लेडिज क्लब की सदस्याओं ने विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं क्रिडा स्टालों का संचालन कर आंगतुकों का मनोरंजन किया। मेले में शहर के प्रमुख व्यापारियों ने भी अपनी स्टालें लगाई।

कम्पनी के सीओ अरूल प्रगासम ने बताया कि चेतना लेडिज क्लब एक चैरिटी का काम करती है। इस मेले के माध्यम से विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए जाते है व इन स्टालों से जो भी पैसा एकत्रित होता है।

**दीपावली महोत्सव पर राजश्री कॉलोनी में कार्यक्रम**



भिवानी। दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित मेले में मुख्य अतिथि व मेहमान।

#### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा

मेले का मुख्य आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लक्की ड्रा का आयोजन सौहादपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष रूप से लाटरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनूप सिंह तंवर, रमन अत्री, डॉ. केएम गोयल, विरेंद्र सिंह, ईशा वालिया, नवीन तंवर वेलफेयर अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

## छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाकर दिखाई प्रतिभा



चरखी दादरी। महिला शिक्षण महाविद्यालय झोझूकलां में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस मौके पर छात्राओं ने सुंदर सुंदर रंगोलियां बनाई और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक समिति के प्रधान एडवोकेट सुरेन्द्रपाल सिंह ने छात्राओं को दीपावली पर्व की बधाई दी तथा उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि हर पर्व आपसी सद्भाव से मनाना चाहिए।






## खबर संक्षेप

### चिरायु योजना का लाभ लेने को 31 तक करें अंशदान भुगतान

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक वेरीफाइड आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का निःशुल्क लाभ दिया जाता है। वहीं जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से ज्यादा 3 लाख रुपये तक है, उन्हें चिरायु विस्तार योजना के तहत केवल 1500 रुपये प्रीमियम की अदायगी के साथ योजना का लाभ ले सकते हैं।

### सतीश वैद बने जेसीआई डायमंड भिवानी के प्रधान

**भिवानी।** सामाजिक एवं युवा विकास क्षेत्र में कार्यरत जेसीआई डायमंड भिवानी की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। हांसी रोड स्थित निजी रेस्टोरेंट में संस्था की जनरल बॉडी मीटिंग में वर्ष-2026 के लिए ये चुनाव किया। संस्था के मीडिया कोऑर्डिनेटर अंशुल लोहिया ने बताया कि नई कार्यकारिणी में सतीश वैद को प्रधान, अंकुर डालमिया को सचिव व राजेश मित्तल को संस्था का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

### कराटे में मॉडल स्कूल खरक खुर्द का बेहतर प्रदर्शन

**भिवानी।** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक खुर्द के लिए रहा स्वर्णिम दिन। हरिद्वार में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप बारह वर्ष आयु वर्ग में आयुष पुत्र संदीप ,गौरव पुत्र रमेश ने स्वर्ण पदक व जिया पुत्री गोविंद ने रजत पदक प्राप्त किया तथा चौदह वर्ष आयु वर्ग में सिन्धुजा पुत्री जितेंद्र व आरुष पुत्र ईश्वर ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन किया।

### भू-मित्र सरल, पारदर्शी व सुलभ शासन की दिशा में अहम कदम

**चरखी दादरी।** भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट के लॉन्च होने से हरियाणा के राजस्व विभाग की सेवाओं के लिए लंबी कतारों और जटिल नौकरशाही प्रक्रियाओं के दिन तेजी से खत्म हो रहे हैं। यह नवोन्मेषी डिजिटल-सहायक नागरिकों के सरकार के साथ संवाद करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल रहा है, जिससे किसी भी मोबाइल फोन से प्रमुख सेवाएं तुरंत उपलब्ध हो रही हैं। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने भू-मित्र को सरल, पारदर्शी और सुलभ शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने लोगों से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का किया आह्वान

# सरकार लागू कर रही है नई नई जनकल्याणकारी योजनाएं

### उपलब्धियों से भरा रहा है सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

- प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य पर पंचायत भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष के कार्यकाल में सेवा, सुशासन और विकास का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसे देशभर में सराहा जा रहा है। यह वर्ष केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि विश्वास का वर्ष रहा है। यह जनता के विश्वास का, पार्टी के सिद्धांतों का और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की सबका साथ - सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना का रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को एक नई सोच, नई ऊर्जा और नई पहचान दी है। विधायक सर्राफ प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य पर पंचायत भवन में आयोजित जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, डीसी साहिल गुप्ता और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत 30 लाभार्थियों को प्लाटों के अलॉटमेंट पत्र भी प्रदान किए गए, जिसमें गांव बैराण के 11, मंढाणा व लेघां हेतवान के 14-14 लाभार्थी शामिल रहे। इस दौरान पंचकुला में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री सैनी ने अपना संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट का विचोमन किया गया। बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि सरकार बिना खर्ची-बिना पर्ची योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान कर रही है। गरीब से गरीब परिवार का बच्चा भी अधिकारी लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने लोगों से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत को आत्म निर्भर और विकसित बनाने में अपना पूर्ण योगदान देना है, जो स्वदेशी अपनाकर दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत देश निरंतर उन्नति की ऊंचाइयां छू रहा है। देश पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

इस मौके पर डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, बीडीपीओ सोमबीर कादयान व विनोद सांगवान, भाजपा जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, जिला परिषद वाईस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं पार्षद भवानी प्रताप सिंह, डीआईओ अमित लांबा, मास्टर राजेश वाल्मीकि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जन एवं पंचायत प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**भिवानी।** सफाई कर्मचारियों में मिठाई वितरित करते विधायक धनश्याम सर्राफ व भवानी प्रताप सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### नप ने सफाई कर्मचारियों में बांटी रेहड़ी दीवाली पर्व पर कराया मुंह मीठा

- आपसी प्यार, प्रेम व भाईचारे का पर्व देते है संदेश : घनश्याम

**भिवानी।** दिवाली पर्व की पूर्व संध्या पर नगरपरिषद कार्यालय परिसर में त्यौहार की जबरदस्त रौनक देखी गई। नगरपरिषद की तरफ से विधायक घनश्याम सर्राफ ,नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व संदीप सिंह ने सफाई कर्मचारियों को पर्व की खुशी में मिठाई व शगुन देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके घर, परिवार में दिवाली पर्व पर खुशियों की बहार रहने की कामना की। विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि हर त्यौहार किसी न किसी बुराई को छोड़ने की नसीहत देता है। दिवाली पर्व भी समाज में फैली बुराई को त्यागने का संदेश देता है। इस दिन भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास काटकर, रासक्षों का संहार करके अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन की खुशी में अयोध्या ही नहीं पूरे भारत में दिवाली का पर्व मनाया गया।

## स्थानीय उत्पादों से देश होगा आर्थिक रूप से मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

- भाजपा जिला महामंत्री रेखा राघव ने नागरिकों से किया स्वदेशी



भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री रेखा राघव।

भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री रेखा राघव ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हर नागरिक का दायित्व है, ताकि भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। भाजपा जिला महामंत्री रेखा राघव ने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती और तरक्की का रास्ता स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं के मोह को छोडक़र जब हम अपने देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग करेंगे तो ना केवल भारतीय उद्योगों को बल मिलेगा बल्कि लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि आज समय की जरूरत है कि हम अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाएं।

## धनतेरस से शहर में यातायात को लेकर पुलिस की होगी चौकसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶लोहारू

- बैरिकेट लगाकर वाहनों की एंट्री पर होगी रोक

आगामी धनतेरस और दीपावली के त्योहार पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात की व्यवस्था को चौकस करने के लिए लोहारू पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, सचिव संजय खंडेलवाल और शहर के कई पार्षदों के साथ व्यवस्था बैठक कर थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने लोहारू शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों और आवश्यक मार्ग पर बैरीगेटिंग करने को लेकर रूपरेखा तैयार की।

#### बड़े वाहनों पर लगाई रोक

थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार पर बाजारों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा और चार पहिया वाहन व बड़े वाहनों की शहर में एंट्री पर रोक रहेगी। बता दें कि व्यापार मंडल, शहर के पार्षदों और पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक में शहर मानचित्र पर दीपावली पर संभावित भीड़ भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित किया गया। वहीं बैरीगेटिंग के लिए भी स्थान निर्धारित किए गए। शहर के शहीद भगत सिंह चौक, सब्जीमंडी, नेहरू मार्ग, फरटिया ताल रोड, एसबीआई बैंक गली सहित कई गलियों में बैरिगेट लगाए जाएंगे और यहां से चार पहिया वाहन व बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

## सीबीयू छात्रा श्रुति ने बढ़ाया मान

- श्रुति वर्मा ने भारत की हरियाणा टीम में विश्वविद्यालय का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान दे रहा है इसी कड़ी में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की छात्रा श्रुति वर्मा ने भारत की हरियाणवी लोकनृत्य टीम का प्रतिनिधित्व किया और जापान एक्सपो 2025 में गौरवशाली हरियाणवी लोक नृत्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने श्रुति वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि हमारे विश्वविद्यालय की छात्रा ने जापान में हरयाणवी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी और अंतराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के साथ चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी का मान बढ़ाया है और हमारा विश्वविद्यालय बेटियों के सपनों को पंख देने का काम करता है। इस अवसर पर छात्रा श्रुति वर्मा ने अपना अनुभव सांझा करते हुए कहा कि इंडियन पवेलियन और साउथ स्टेज पर हमारी प्रस्तुतियों को जापानी दर्शकों ने भरपूर सराहा और भारतीय संस्कृति के प्रति उत्साह दिखाते हुए हमारे साथ फोटो और वीडियो भी लिए।



**भिवानी।** प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### विवि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे रहा

कुलसचिव ने कहा कि है विवि लोक परंपराओं, संस्कृति और हरियाणा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे रहा है। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग की निदेशिका डॉ. सोनल ने कहा कि हमारी टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन करती रही है और इस प्रकार हरयाणवी लोक नृत्य को हमने हमेशा बढ़वा देने की दिशा में काम किया है जिससे विद्यार्थियों में भाषा एवं संस्कृति के प्रति प्रेम बढ़ें व उनकी जड़े अपनी संस्कृति में जमी रहे हैं।

### अज्ञात हमलावरों ने की फायरिंग

**भिवानी।** बहल क्षेत्र के गांव पातवान में अज्ञात हमलावरों ने एक घर के सामने फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस से मौके पर जाकर घटना की जांच की और मौके से जिंदा कारतूस व गोलियों के खोल बरामद किए है, पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में दिनेश पुत्र बलबीर निवासी पातवान ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है। बीती रात वह अपने पिता व मां के साथ घर पर सोया हुआ था। रात करीब तीन बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी, लेकिन दिवाली का समय समझकर उसने ध्यान नहीं दिया। सुबह उसने बाहर निकलकर देख तो उसके घर के बाहर गोलियों के खोल और निशान देखे। इसके साथ ही रास्ते पर मोटरसाइकिल के टायरों के निशान भी मिले। दिनेश ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रंजिशवश उसे डराने या धमकाने की नियत से हवाई फायरिंग की है।

## प्रतियोगिताओं से निकलती है प्रतिभा

- रंगोली, मेहंदी तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आरसीआईटी इंस्टिट्यूट व प्रूडेंस लाइब्रेरी के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶तोशाम

शुक्रवार को दीपावली महोत्सव के अवसर पर तोशाम के आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तथा प्रूडेंस लाइब्रेरी में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट संचालक डॉ. विष्णु दत्त शास्त्री ने बताया कि पिछले करीबन 18 वर्षों से हर वर्ष दीपावली के अवसर पर इंस्टिट्यूट में दो दिवसीय दीपावली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।



**तोशाम।** प्रतियोगित में भाग लेती प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

#### विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

शास्त्री ने बताया कि दीपावली महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को इन प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया जाएगा वहीं दीपावली महोत्सव के तहत दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रामकिशन एजुकेशन सोसाइटी की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रूडेंस लाइब्रेरी संचालक दीपक माहेश्वरी, अनु स्वामी, मीनाक्षी भोरिया, प्राची हालु, मीना, अंशुल, मनीष रिवासा, आनंद बंसल, आशीष खानक, संदीप, पूजा, संगम, भागीरथ गोस्वामी, अंकित दूल्हेड़ी, रोहित, सुमित, अमित आदि मौजूद थे।

## धोखाधड़ी के मामले में चार काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले में आम नागरिकों से साईबर धोखाधड़ी करके उनके रुपए ऐठने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर, ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना साईबर क्राईम पुलिस ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना साईबर क्राईम भिवानी के मुख्य सिपाही रफीक ने रीवार्ड प्वाइंट्स को रुपए में कन्वर्ट करने के मामले में लाखों की धोखाधड़ी के मामले में चार आरोपी आगरा से पकड़े। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कर ली गई है।



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में आरोपी।

#### ये था मामला

निकुंज निवासी बहल ने थाना साईबर क्राईम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 14 अक्तूबर को उनके मोबाइल नंबर पर फोन आया था जो फोन करने वाली महिला ने खुद को आइसीआइसीआइ बैंक की कर्मचारी बतलाया था और उनके बैंक का क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट को रुपए में बदलने का लालच देकर एप्लीकेशन डाउनलोड करवा के उनके खाते से 3,75,000 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई थी जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साईबर क्राईम भिवानी में दर्ज किया था।

## डॉ. बृजपाल बने किसान मजदूर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

डॉ बृजपाल सिंह पप्पू खरक को किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह के दिशा निर्देश पर किसान मजदूर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष विनोद राणा थंबड ने हरियाणा प्रांत के उपाध्यक्ष पद का दायित्व प्रदान किया। विनोद राणा ने डॉ बृजपाल से कहा किसान मजदूर के हक, हकूक और अधिकारों के लिये सडक़ से न्यायपालिका तक निरन्तर संघर्ष करते रहो और उनके साथी बनकर उन्हें निरन्तर मजबूत करते रहो। डॉ बृजपाल सिंह पप्पू खरक ने भी दायित्व का कर्तव्यबोध के साथ निर्वहन करने का आश्वासन दिया और पूरे हरियाणा में किसान मजदूर संगठन को गाँव गाँव और ढाणी ढाणी तक पहुंचाने लिये पूरे मन से कार्य करने को कहा।



**भिवानी।** डॉ. पप्पु को सम्मानित करते।

**प्रशिक्षण** प्रत्येक व्यक्ति सीपीआर की विधि जान ले तो बच सकती है अनमोल जिंदगियां: सचिव प्रदीप

# पीसीआर डायल-112 व पुलिसकर्मियों को दिया बेसिक फर्स्ट एड सीपीआर का प्रशिक्षण

- जनहित अभियान 13 से 17 अक्तूबर तक जिलेभर में चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को पुलिस लाइन में पीसीआर डायल-112 टीम और पुलिसकर्मियों को बेसिक फर्स्ट एड एवं सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम सेंट जॉन एंबुलेंस (इंडिया), भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली तथा हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार आयोजित सीपीआर अवेयरनेस वीक के तहत संपन्न हुआ। सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार ने बताया कि ये एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम मे पुलिस महानिदेशक हरियाणा व पुलिस अधीक्षक भिवानी के सहयोग से आयोजित किया। प्रतिभागियों को व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से सिखाया गया कि दिल की धड़कन रुकने या सांस बंद होने की स्थिति में सीपीआर कैसे दिया जाए, जिससे किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सके। रेडक्रॉस सचिव प्रदीप ने बताया कि ये जनहित अभियान 13 से 17 अक्तूबर तक जिलेभर में चलाया, जिसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और सरकारी विभागों में सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित किए गए।



**भिवानी।** बेसिक फर्स्ट एड सीपीआर का प्रशिक्षण लेते पुलिसकर्मी।

#### पुलिसकर्मियों को सीपीआर का महत्व बताया

प्रशिक्षण सत्र में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास एवं उनकी टीम ने पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों में सीपीआर की सही तकनीक, प्राथमिक चिकित्सा की विधि और तत्काल प्रतिक्रिया देने के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

